राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail-nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

महत्वपूर्ण

पत्रांक: 923 /241/NULM/तीन/2001(MIS) दिनांक: 29-1-18

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उत्तर प्रदेश।

2. समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबंधन इकाई,
   उत्तर प्रदेश।

विषय : दीन दयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के EST&P घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं द्वारा लाभार्थियों के सेवानियोजन प्रमाण पत्रों का प्रमाणीकरण एवं 12 माह की ट्रैकिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्य शहरी आजीविका मिशन के पत्रांक सं0 798/241/NULM/तीन/2001(MIS) दिनांक 30.11.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अपेक्षा की गयी थी कि प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं द्वारा MIS पर अपलोड किये गए सेवानियोजन के प्रपत्रों का सत्यापन DUDA/CMMU द्वारा करने के उपरान्त ही पोर्टल पर अपलोड किया जाना है किन्तु शहरों द्वारा अभी तक इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, साथ ही आप अवगत होंगे कि सेवानियोजन के उपरान्त प्रत्येक लाभार्थी की 12 माह की ट्रैकिंग भी की जानी है, जिसके सापेक्ष प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को माहवार सूचनाएं (लाभार्थी के वेतन से सम्बंधित प्रपत्र या कोई भी अन्य दस्तावेज जिससे उसकी मासिक आय का पता चल सके एवं स्वरोजगार हेतु लाभार्थी की ऋण वापसी के रूप में उसकी पासबुक की फोटोकापी) अपलोड की जानी थी, किन्तु ट्रैकिंग की सूचनाएं पोर्टल पर संस्थाओं द्वारा अपलोड नहीं की जा रही हैं जो कि दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं है, और न ही सम्बंधित DUDA/CMMU द्वारा इसका अनुश्रवण किया जा रहा है।

अतः उक्त परिपेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि संस्थाओं द्वारा अपलोड किये गए सेवानियोजन के प्रपत्रों की जांच करवाकर सत्यापित सेवानियोजन के प्रपत्रों को तथा ट्रैकिंग से सम्बंधित प्रपत्रों को भी पोर्टल पर अपलोड करवाने का कष्ट करें तथा संस्थावार, लाभार्थीवार सेवानियोजन के प्रपत्रों एवं ट्रैकिंग से सम्बंधित प्रपत्रों की हार्डकापी DUDA/CMMU में संरक्षित किये जाने हेतु निर्देशित व पत्र के साथ संलग्न ट्रैकिंग फार्मैट

में सूचनांए भरकर प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 05 तारीख तक मेल (upsulm.mis@gmail.com) द्वारा उपलब्ध करवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके साथ ही साथ EST&P घटक के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के द्वारा पोर्टल पर अपलोड सेवायोजन सम्बन्धी अभिलेखों/दस्तावेजों का सत्यापन एवं ट्रैंकिंग किए जाने के उपरान्त NULM के गाइडलाइन्स के अनुसार ही भुगतान आदि की कार्यवाही सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाता को करवाने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक – यथोपरि

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित का आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।
2. समस्त शहर मिशन प्रबंधक, MIS एवं MIS कार्य हेतु अधिकृत, शहर मिशन प्रबंधन इकाई को इस निर्देश के साथ कि उक्त का तत्काल समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें।
3. सहायक वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक

TRACKING RECORDS OF BENEFICIARIES UNDER EST&P COMPONENT OF DAY-NULM

NAME OF ULB:

TOTAL TARGET	TRAINING COMPLETED	CERTIFIED	PLACED	12 MONTH'S TRACKING											
				MONTH-1 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-2 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-3 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-4 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-5 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-6 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-7 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-8 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-9 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-10 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-11 (No.OF BENEFICIARIES)	MONTH-12 (No.OF BENEFICIARIES)

उपरोक्त सूचनाओं की सत्यता SULM द्वारा PORTAL पर सत्यापित की जायेगी।

शहर मिशन प्रबन्धक
(शहर मिशन प्रबन्धन इकाई)

परियोजना अधिकारी
(जिला नगरीय विकास अभिकरण)